
## न्यूज डायरी



### चीन में कोरोना वायरस से 139 और मरे, आंकड़ा 1600 के पार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** पेइचिंग। घातक कोरोना वायरस संक्रमण के कारण चीन में शुक्रवार को 143 और लोगों की मौत हो गई। इसके साथ ही कोरोना से मरने वालों की कुल संख्या बढ़कर 1,631 हो गई है। चीन के राष्ट्रीय स्वास्थ्य आयोग ने बताया कि इस संक्रमण से सर्वाधिक प्रभावित हुबेई प्रांत में शुक्रवार को 2,420 नए मामले सामने आए और 139 लोगों की मौत हो गई। आयोग ने बताया कि इसके अलावा हेनान में दो और बीजिंग एवं चोंगक्विंग में एक–एक व्यक्ति की मौत हो गई। देश में शुक्रवार को इस विषाणु के संक्रमण के कारण 143 लोगों की मौत हुई और 31 प्रांतीय स्तर के क्षेत्रों में 2,641 लोगों के संक्रमित होने की पुष्टि हुई। चीन में इस संक्रमण के कुल मामलों की संख्या बढ़कर 67,535 हो गई है। चीन सरकार ने हुबेई प्रांत को छोड़कर देश के अन्य हिस्सों में कोरोना वायरस संक्रमण के लगातार कम होने की बात शुक्रवार को रेखांकित की थी।

### एलओसी के पास कथित संघर्षविराम उल्लंघन को लेकर भारतीय राजनयिक तलब

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पाकिस्तान ने भारतीय उच्चायोग के एक वरिष्ठ राजनयिक को शनिवार को तलब किया और एलओसी के पास संघर्षविराम के कथित उल्लंघन को लेकर कड़ी आपत्ति दर्ज कराई। विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारतीय सुरक्षा बलों ने 14 फरवरी को नियंत्रण रेखा के पास राखचिकरी और नेजापीर सेक्टरों में गोलीबारी की। मंत्रालय ने कहा, "अंधाधुंध और उकसावे वाली गोलीबारी" से फतेहपुर गांव में 13 साल की लड़की गंभीर रूप से घायल हो गई। इसने आरोप लगाया कि भारतीय बल, नियंत्रण रेखा और कामकाजी सीमा के पास तोपों, मोर्टार के गोलों और स्वचालित हथियारों से असैन्य इलाकों को लगातार निशाना बना रहे हैं जो अब भी जारी है।

### शिकागो में गोलीबारी में छह घायल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** शिकागो। शिकागो के दक्षिणी इलाके में एक अपार्टमेंट परिसर में गोलीबारी में तीन नाबालिगों सहित छह लोग घायल हो गए। पुलिस ने शनिवार तड़के एक विज्ञप्ति में कहा कि शुक्रवार की रात अपार्टमेंट इकाई में सभा के दौरान गोलीबारी हुई शुरू हुई। कोई गिरफ्तारी नहीं की गई है। गोलीबारी में घायल तीन की हालत नाजुक बताई जा रही है। विज्ञप्ति के अनुसार गोलीबारी किन हालात में हुई इसकी जानकारी नहीं मिल पायी है। स्थानीय समाचार पत्रों के मुताबिक गोलीबारी पार्कवे गार्डन हाउसिंग कॉम्प्लेक्स में हुई।

### बर्लिन में संगीत समारोह स्थल के सामने गोलीबारी में एक की मौत, तीन घायल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बर्लिन। बर्लिन में शुक्रवार को संगीत समारोह के कार्यक्रम स्थल के सामने गोलीबारी में एक की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। बर्लिन के पुलिस अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि शहर के मध्य में पॉट्सडैम प्लाजो के पास स्थित टेम्पोड्रोम के बाहर अज्ञात लोगों ने खुलेआम गोलीबारी की और मौको से फरार हो गए। यह स्पष्ट नहीं हो पाया कि गोलीबारी शुक्रवार की रात कार्यक्रम स्थल में आयोजित होने वाले कार्यक्रम 'तुर्की कॉमेडी नाइट' से जुड़ा था या नहीं। यूरोपीय राजधानियों में बर्लिन में प्रति व्यक्ति हत्याओं की संख्या सबसे अधिक है।

### हाफिज को सजा मिलते ही पाक मीडिया ने दिखाया आईना

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लाहौर। मुंबई के 26/11 अटैक के आरोपी और विश्व स्तर पर बदनाम आतंकवादी हाफिज सईद को पाकिस्तान की एक अदालत की ओर से दी गई 11 साल कैद की सजा के बाद यहां की मीडिया ने सरकार को आईना दिखाया है। हाफिज की सजा पर टिप्पणी करते हुए यहां के पाकिस्तानी समाचार पत्रों में कहा गया है कि हाफिज सईद जैसे हिंसक आतंकियों को बढ़ावा देना सरकार और यहां की सुरक्षा के लिए खतरनाक है।

# भारत के दुश्मन को सबक सिखाना चाहते हैं इमरान

## फजलुर रहमान पर देशद्रोह का केस चलाने की तैयारी

तैयारी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान भारत के दुश्मन को सबक सिखाना चाहते हैं। अटपटा लग सकता है। लेकिन सच है। इमरान खान ने पाकिस्तान संसद नेशनल असेंबली में कहा कि जमीयत उलेमा ए इस्लाम के चीफ मौलाना फजलुर रहमान पर देशद्रोह का मुकदमा चलना चाहिए। हालांकि इस मांग का भारत से कोई लेना–देना है नहीं। दरअसल ये इमरान का खुद का डर है। इमरान खान ने कहा कि फजलुर रहमान ने उनकी सरकार गिराने का षडयंत्र रचा है।

इमरान खान पाकिस्तान – तहरीके इंसाफ यानी पीटीआई के नेता हैं। उनकी फजलुर रहमान से पटती नहीं है। इमरान खान की मांग का नेशनल असेंबली में जम कर विरोध हुआ है। पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के चेयरमैन बिलावल भुट्टो जरदारी ने कहा कि अगर मौलाना फजलुर रहमान और ख्वाजा आसिफ के खिलाफ देशद्रोह का मुकदमा चलता है तो ये



बेहद गलत होगा। वो कहते हैं, यहां मोस्ट वांटेड आतंकवादी एहसानुल्ला एहसान चकमा देकर भाग जाता है तो कुछ नहीं होता लेकिन राजनीतिक नेतृत्व के खिलाफ इस तरह की कार्रवाई की जा रही है।

बिलावल भुट्टो ने कहा कि इमरान खान ये तो बताएं कि आखिर किन कारणों से फजल के खिलाफ देशद्रोह का मुकदमा ठोका जा रहा है। उधर ख्वाजा आसिफ ने कहा कि उन्हें इमरान खान से देशभक्ति का सर्टिफिकेट लेने की जरूरत नहीं है। ख्वाजा आसिफ पाकिस्तान मुस्लिम लीग–नवाज (पीएमएल–एन) के नेता हैं। पार्टी के सर्वोच्च नेता नवाज शरीफ आजकल लंदन में इलाज करा रहे हैं। ख्वाजा ने इमरान सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। वो कहते हैं, कराची का पूर्व पुलिस कप्तान तहरीके तालिबान पाकिस्तान के आतंकी एहसानुल्ला एहसान के साथ खुलेआम घूमता है। तब कुछ नहीं होता। लेकिन नेताओं को निशाना बनाया जा रहा है। ये खतरनाक साबित होगा।

ख्वाजा ने कहा कि पाकिस्तान कंगाली के कगार पर है। जरूरी सामानों के दाम आसमान पर हैं। इन सच्चाइयों से मुंह छिपाने के लिए ही इमरान खान इस तरह की साजिश रच रहे हैं। उन्होंने कहा कि हालत इतने खराब हैं कि खुद इमरान की पार्टी पीटीआई के कार्यकर्ताओं ने पाकिस्तान टीवी के दफ्तर पर हमला कर दिया। संसद के भीतर मौलाना फजलुर रहमान के बेटे मौलाना असद महमूद मौजूद थे। असद ने कहा कि संविधान की धारा 6 का इस्तेमाल उनके पिता के खिलाफ नहीं हो सकता। इस पर संसदीय कार्य मंत्री अली मोहम्मद खान ने कहा कि सरकार का मकसद किसी को निशाना बनाना नहीं है। पर वो ये कहने से नहीं चूके कि फजलुर को बताएं कि किसके कहने पर उन्होंने इमरान की सत्ता उखाड़ फेंकने की बात कही थी।

## जापानी जहाज से भारतीयों को निकालने के प्रयास तेज

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

तोक्यो। जापान स्थित भारतीय दूतावास ने शनिवार को कहा कि वह जापान के तट पर बंधे क्रूज जहाज को अलग रखे जाने की अवधि खत्म होने पर उसमें सवार सभी भारतीयों को उतारने के प्रयास कर रही है। अधिकारियों ने पुष्टि की है कि जहाज में मौजूद तीन भारतीयों समेत 218 लोग घातक कोरोना वायरस के संक्रमण की चपेट में हैं।

जापान के तट पर इस महीने की शुरुआत में पहुंचे इस क्रूज जहाज पर सवार 3,711 लोगों में कुल 138 भारतीय थे। इनमें चालक दल के 132 सदस्य और छह यात्री शामिल थे। क्रूज से पिछले महीने हांगकांग में उतरे एक यात्री के कोविड–19 से संक्रमित होने की पुष्टि होने के कारण जहाज को अलग–थलग रखा गया है।

भारतीय दूतावास जापानी अधिकारियों, जहाज प्रबंधन कंपनी और जहाज में सवार भारतीय नागरिकों के साथ संपर्क में है। दूतावास के एक अधिकारी ने शनिवार को पीटीआई–भाषा को बताया, हमने अलग रखे जाने की अवधि समाप्त होने और कोविड–19 के लिए उनके जांच परीक्षण हक में आने के बाद अपने नागरिकों को जहाज से जल्द से जल्द उतारने के लिए सभी प्रयास जारी रखे हुए हैं।



### माली में हमले में नौ सैनिकों समेत 40 लोगों की मौतें

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बमाको। मध्य माली में एक के बाद एक हुए हमलों में नौ सैनिकों समेत 40 लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि ज्यादातर मौतें बेहद अशांत क्षेत्र में अंतरनस्लीय हिंसा के कारण हुई हैं। सरकार ने बताया कि 31 लोगों की मौत ओगोसागो गांव में रात में हुए हमले में हुईं। इस गांव में फुलानी लोगों का बाहुल्य है जहां पिछले साल मार्च में 160 लोगों की मौत हुई थी। इस नरसंहार का आरोप डोगोन मिलिशिया के लोगों पर लगा था। गांव के प्रमुख अली उस्मान बरी ने बताया कि करीब 30 बंदूकधारियों ने इस नये हमले को अंजाम दिया।

## यूएईः पहले हिंदू मंदिर निर्माण का पहला महत्वपूर्ण पड़ाव पूरा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

दुबई। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की राजधानी अबूधाबी के पहले हिंदू मंदिर के निर्माण में महत्वपूर्ण पड़ाव पूरा हो गया है। अधिकारियों ने बताया कि इसकी नींव को पहली बार कंक्रीट से भरने का कार्य पूरा कर लिया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2018 में संयुक्त अरब अमीरात में दुबई के ओपेरा हाउस से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये बोचासनवासी अक्षर पुरुषोत्तम स्वामीनारायण संस्था मंदिर की आधारशिला रखी थी।

यूएई में भारत के राजदूत पवन कपूर और दुबई में भारत के महावाणिज्य दूत विपुल, सामुदायिक विकास प्राधिकरण के

**मंदिर की नींव में फ्लाई ऐश कंकरीट भरने का काम पूरा**

सीईओ उमर अल मुथन्ना और शापूरजी पलोंजी के सीईओ मोहनदास सैनी की मौजूदगी में पूज्य ब्रह्मविहारी स्वामी और पूज्य अक्षयमुनिदास स्वामी ने परियोजना के लिए विशेष पूजा की। समारोह के दौरान पूज्य ब्रह्मविहारी स्वामी ने कहा, आज हमने मंदिर की अनोखी नींव भरने का कार्य प्रारंभ किया जिसका निर्माण प्राचीन प्रौद्योगिकी के साथ आधुनिक उपकरणों से किया गया है। उन्होंने कहा, यह ईश्वर की कृपा, समुदाय के पूर्ण समर्थन और यहां मौजूद हर व्यक्ति के प्रेम के बिना संभव नहीं था।" राजदूत कपूर ने कहा, "मैं बस इतना कहना चाहता हूं कि मुझे इसका श्रेय मेरे पूर्ववर्ती को देना होगा जिन्होंने इस पहल का समर्थन किया और यूएई की सरकार को इस बड़े और उदार फैसले को लेने के लिए मनाया जिसने न सिर्फ भूमि दान की बल्कि मंदिर के लिए पहला लाइसेंस भी दिया।

निर्माण स्थल पर बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे जहां समारोह की शुरुआत प्रार्थनाओं के साथ हुई और इसके बाद मंदिर की नींव में फ्लाई ऐश कंकरीट भरने का काम पूरा हुआ। मंदिर की नींव में एक ही बार में 3,000 घन मीटर कंकरीट का मिश्रण भरा गया जो 55 प्रतिशत फ्लाई ऐश से बना हुआ था।

### दो हफ्तों में भारत जा रहा हूं, यात्रा को लेकर उत्साहितः ट्रंप

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप 24–25 फरवरी के भारत दौरे को लेकर कितने उत्साहित हैं, एक ट्वीट से अंदाजा लगाया जा सकता है। जब उन्हें पता चला कि फेसबुक पर लोकप्रियता के मामले में वह खुद नंबर वन जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नंबर दो हैं तो इसे भी अपनी यात्रा से जोड़ दिया। ट्रंप ने कहा कि वह अपनी भारत दौरे को लेकर काफी उत्सुक हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ने ट्वीट किया, मुझे लगता है यह बेहद सम्मान की बात है? मार्क जकरबर्ग ने हाल ही में बताया था कि डॉनल्ड ट्रंप फेसबुक पर नंबर 1 हैं। नंबर 2 पर भारत के प्रधानमंत्री मोदी हैं। दरअसल, मैं दो हफ्तों में भारत जा रहा हूं। मैं इस यात्रा को लेकर उत्सुक हूं। इससे पहले पीएम मोदी ने ट्वीट कर ट्रंप के भारत दौरे का स्वागत किया था। उन्होंने ट्वीट कर कहा था, अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के 24–25 फरवरी को भारत यात्रा पर आने को लेकर बहुत खुश हूं ,हमारे माननीय अतिथियों का भव्य स्वागत किया जाएगा। उन्होंने लिखा, भारत और अमेरिका के मजबूत संबंध न केवल हमारे नागरिकों के लिए बल्कि पूरे विश्व के लिए बेहतर है।